Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to address the problems of the people affected by floods in Ballia Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्री भरत सिंह (बलिया) : मैडम, आपने मुझे ज़ीरो आवर में बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

मैडम, मेरा लोकसभा क्षेत्र बलिया है। यह गाजीपुर और बलिया, दो जनपदों को मिलाकर बना है। यह क्षेत्र गंगा नदी और घाघरा नदी से घिरा हुआ है। गंगा नदी के कटान से गाजीपुर जनपद का शेरपुर, सिमरा और शिवराम सन् 2016 की बाढ़ और कटान से पूरी तरह विलीन हो गया। आज ये पूरे गाँव खत्म होने की स्थिति में हैं। मैडम, यही नहीं, गंगा के किनारे जगदीशपुर, भुसौला, गड़रिया और नरगला जैसे तमाम गाँव गंगा नदी में विलीन होने की कगार पर हैं। हमारा सांसद आदर्श ग्राम श्रीनगर और केहरपुर भी गंगा नदी में विलीन होने की कगार पर हैं।

मैडम, मैं आपके माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार और भारत सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। मैं चाहता हूँ कि इन गाँवों के कटान से पीड़ित विस्थापित लोगों को पुनर्वास दिलाया जाए और साथ ही इन गाँवों को बचाने के लिए समुचित उपाय किए जाएं। लोकनायक जयप्रकाश की तपभूमि, जयप्रकाश जी और लाला तोला का यू.पी. और बिहार का घर भी विलीन होने की कगार पर है। इन गाँवों को बचाया जाए। मैं उत्तर प्रदेश सरकार और भारत सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल एवं श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री भरत सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।